मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया छत्तीसगढ़ का पहला छत्तीसगढ़ी डिजिटल रेडियो स्टेशन ‘रेडियो संगवारी’

चर्चा में क्यों

31 मार्च, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का पहला डिजिटल रेडियो स्टेशन ‘रेडियो संगवारी’को लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में ‘कका जन्दिा हे’छत्तीसगढ़ी गीत आडियो का विमोचन किया। इसके रचयिता प्रधान आरक्षक दलीप ताम्रकार हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडियो संगवारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक संस्कृति और गीत-संगीत को आम लोगों तक डिजिटल रेडियो स्टेशन के माध्यम से पहुँचाने के लिये इसकी स्थापना की गई है।
- छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को एप के माध्यम से पूरी दुनिया के लोगों तक पहुँचाया जाएगा, निश्चित रूप से यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लुप्त हो रही सांस्कृतिक विधाओं और कला परंपराओं को नया जीवन देने के लिये यह प्लेटफार्म एक ताकतवर माध्यम हो सकता है। नये कलाकारों की प्रतिभाओं को भी इसके माध्यम से आसानी से दुनिया के सामने लाया जा सकता है।
- रेडियो की श्रोताओं की आज भी कमी नहीं है। अपने नवाचारों और अपनी नयी सोच के कारण बहुत से रेडियो स्टेशन आज भी बहुत लोकप्रिय हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि रेडियो संगवारी द्वारा शुरू किया जा रहा डिजिटल रेडियो स्टेशन भी ऐसा ही लोकप्रिय माध्यम बनेगा।
- इस अवसर पर रेडियो संगवारी के संस्थापक राहुल शर्मा तथा सह-संस्थापक डॉ. हेमंत सरिमौर ने बताया कि रेडियो संगवारी को टू-जी इंटरनेट स्पीड पर भी आराम से सुना जा सकता है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-launched-chhattisgarh-s-1st-chhattisgarhi-digital-radio-station-radio-sangwari-